# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**उत्तर प्रदेश सरकार**

## // आदेश //

विश्वविद्यालय के पत्रांक 2070/फा0रा0–178/2021–22, दिनांक 29.12.2021 द्वारा दिनांक 03.01.2022 से दिनांक 15.01.2022 तक के लिए शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया था। आज दिनांक 11.01.2022 को कुलपति महोदय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में दिव्यांग एवं गैर–दिव्यांग विद्यार्थियों के अध्यापन की संवेदनशीलता के दृष्टिगत उन्हें कोविड के संक्रमण से बचाव हेतु दिनांक 17.01.2022 से दिनांक 31.01.2022 तक समस्त पाठ्यक्रमों की कक्षाएं ऑनलाइन मोड में संचालित की जायेंगी।

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में कार्यालयी कार्य एवं कोविड–19 से बचाव हेतु निम्नानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये है –

1. विश्वविद्यालय में बैक पेपर/स्पेशल बैक पेपर/अन्य समस्त पूरक परीक्षाएं, जो विश्वविद्यालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रस्तावित हैं, वे यथावत् कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सम्पन्न कराई जायेंगी।
2. चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया जाता है कि उ0 प्र0 सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत कोविड प्रोटोकॉल का विश्वविद्यालय में अनुपालन सुनिश्चित करायें तथा आवश्यकतानुसार कोविड हेल्प–डेस्क की स्थापना की जाये।
3. विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षा कार्मिक यह सुनिश्चित करेंगे कि मुख्यद्वारों पर प्रत्येक दशा में आवागमन के समय कार्मिको, अन्य व्यक्तियों द्वारा मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग किया जाये। वाह्य व्यक्तियों का विवरण रजिस्टर पर अंकित करते हुए सक्षम स्तर से अनुमति के उपरान्त प्रवेश सुनिश्चित किया जाये।
4. विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों तथा भवन में स्थापित शौचालयों आदि का समुचित तरीके से सेनेटाइजेशन कराया जाय। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसर में साफ–सफाई, फागिंग एवं सेनेटाइजेशन के दृष्टिगत निम्नांकित व्यवस्था की जाती है–

| क्र.सं. | भवन का नाम | पर्यवेक्षणकर्ता का नाम |
|---|---|---|
| 1. | विधि संकाय | श्री अभिषेक यादव, सहायक विधि अधिकारी |
| 2. | प्रशासनिक भवन | श्री अभिषेक यादव, सहायक विधि अधिकारी एवं श्री मुकेश कुमार, सहायक विधि अधिकारी |
| 3. | गेस्ट हाउस एवं पुरूष छात्रावास | श्री मुकेश कुमार, सहायक विधि अधिकारी |
| 4. | ब्लाक ए–1 एवं ब्लाक–ए–2 | श्री शिवशरण त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी |
| 5. | अभियांत्रिकी ब्लाक एवं एनिमिनिटीज ब्लाक | श्री सिद्धार्थ दुबे, प्रशासनिक अधिकारी |
| 6. | आवासीय परिसर | श्री अखिलेश सिंह कुशवाहा, प्रशासनिक अधिकारी |
| 7. | कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र | श्री मुनेश बंसल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी |
| 8. | महिला छात्रावास | श्रीमती सपना राठौर, वरिष्ठ सहायक |

11.01.2022

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त समस्त पर्यक्षेणकर्ता प्रत्येक दिवस कार्य की प्रगति आख्या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ अनिवार्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्त कार्मिक यथा–विद्युत, जल, सुरक्षा एवं साफ–सफाई हेतु नियमित रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कार्यालयी कार्य हेतु उपलब्ध रहेंगे।

**(बृजेन्द्र सिंह)**
सहायक कुलसचिव

पत्रांक– 2164 /फा0सं0–240/डा.श.मि.रा.पु.वि./कार्या0ज्ञा0/2021–22 दिनांक : 11 जनवरी, 2022

**<u>प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>**

1. मा0 कुलपति को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि तदनुसार समय–सारिणी तैयार कराते हुए ऑनलाइन कक्षाओं का विधिवत् संचालन कराया जाना सुनिश्चित करें।
4. चीफ प्रोवोस्ट/अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला/पुरूष छात्रावास।
5. समस्त शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
6. समस्त अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
7. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय के साथ कि ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन हेतु सम्बन्धित संकाय के शिक्षकवृन्द को यथावांछित सहयोग किया जाना सुनिश्चित करें तथा अपलोड हेतु।
8. समस्त कार्मिक।
9. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. सेवा प्रदाता एजेन्सी–साफ–सफाई/सुरक्षा को इस निर्देश के साथ कि तदनुसार व्यापक/समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करायें।
11. गार्ड फाइल।

11.01.2022
**(बृजेन्द्र सिंह)**
सहायक कुलसचिव